# माध्यमिक शिक्षा परीक्षा 2026 के परीक्षा केंद्र निर्धारण के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

कुशीनगर।

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश के परीक्षा वर्ष 2026 के परीक्षा केंद्र निर्धारण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने बैठक की शुरुआत में बताया कि परीक्षा केंद्र निर्धारण प्रक्रिया अत्यंत संवेदनशील है और यह विद्यार्थियों के हितों से सीधे जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्र पारदर्शिता, निष्पक्षता और मानक आधारित व्यवस्था के अनुरूप ही निर्धारित किए जाएँ। बैठक में 133 ऑनलाइन प्राप्त आपत्तियों पर चर्चा की गई, जिसमें 5 परीक्षा केंद्रों के निरस्तीकरण, 72 विद्यालयों द्वारा नए केंद्र बनाए जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन और अधिक दूरी से संबंधित 42 आपत्तियों पर श्रेणीवार विचार किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अधिक दूरी पर बनाए गए केंद्रों के संबंध में छात्रों की संख्या, विद्यालय से केंद्र की वास्तविक दूरी और मानक अधूरे होने वाले विद्यालयों की विस्तृत समीक्षा की जाए। जिन विद्यालयों में



परीक्षा केंद्र बनाने की मांग की गई, उनके संबंध में जिलाधिकारी ने परिषद द्वारा निर्धारित मानकों की उपलब्धता पर विशेष बल दिया। ऐसे विद्यालय, जो वर्तमान में मानक पूर्ण नहीं कर पा रहे, उनके मामले में मानक पूर्ण होने के बाद ही विचार करने का आश्वासन दिया गया। मानक पूर्ण करने वाले लेकिन अभी तक केंद्र न बनने वाले विद्यालयों के लिए फोटोग्राफ्स प्रस्तुत करने और टीपीटी के माध्यम से भवन, संरचना एवं व्यवस्थाओं का वृहद् अवलोकन कर निष्कर्ष निकालने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा केंद्र निर्धारण की यह प्रक्रिया विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करने, परीक्षा प्रबंधन की पारदर्शिता बढ़ाने और बोर्ड परीक्षाओं की विश्वसनीयता मजबूत करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक शिकायत का निस्तारण पूर्ण पारदर्शिता और प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा, जिससे किसी प्रकार की शंका या भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो। अंत में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से शीघ्र प्रस्तुत की जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामजियावन मौर्य सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधक और प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

## गुप्ता हीरो पडरौना पर डेस्टिनी-110 की हुई मेगा लांचिंग



पडरौना, कुशीनगर । गुप्ता हीरो पडरौना के शोरूम पर डेस्टिनी-110 स्कूटर की मेगा लांचिंग हुई। मुख्य अतिथी पूर्व नगर पालिका अध्यक्षा शिवकुमारी देवी,विशिष्ठ अतिथी मीनू जिंदल, प्रीति जायसवाल, आस्था जायसवाल, कंचन तथा गुप्ता हीरो के एम.डी. अजय कुमार गुप्ता ने मेगा लांचिग किया। इस मौके पर हीरोफीनकार्प के अधिकारी अभिषेक मिश्र राजीव श्रीवास्तव एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे । सभी का कहना था कि इस सेगमेंट में हीरो डेस्टिनी - 110 स्कूटर अपन आप में एक उम्दा स्कूटर है।

## रजवाहा की सफाई के बाद सड़क पर छोड़ा गया मलबा, राहगीरों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी

दकमानगंज (कुशीनगर)।

कप्तानगंज रजवाहा की जेसीबी से हुई सफाई के बाद निकाली गई मिट्टी और कचरा सड़क पर ही छोड़ दिया गया है, जिसके कारण स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर उठ रही धूल आंखों में जलन व सांस की तकलीफ का कारण बन रही है। यह समस्या किसान चौक से जे.पी. विद्यालय तक और इन्दरपुर से गणेश चौक के पास तक देखने को मिल रही है। रजवाहा की सफाई तो कर दी गई, लेकिन मलबा न हटाए जाने से



मार्ग बेहद बदहाल हो गया है। स्कूली बच्चों की यूनिफॉर्म रोजाना धूल-मिट्टी से गंदी हो रही है, जिससे अभिभावकों में नाराजगी है। उनका कहना है कि विभाग सफाई के बाद मलबा हटाने की जिम्मेदारी पूरी नहीं कर रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि सड़क पर जमा मिट्टी के कारण मार्ग संकरा हो गया है। इससे दोपहिया वाहनों का निकलना भी मुश्किल है और फिसलन के चलते दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। राहगीरों ने कहा कि जेसीबी से सफाई केवल आधा काम है, जबकि सड़क पर पड़े मलबे को हटाना असली कार्य है, जो अब तक नहीं किया गया है। कई शिकायतों के बावजूद विभागीय कार्रवाई न होने से लोगों में रोष बढ़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि सड़क से मलबा तुरंत हटाया जाए और मार्ग को सुचारू बनाया जाए, ताकि आमजन, विशेषकर स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जा सके।

## एसआईआर-2026 में कुशीनगर की बड़ी प्रगति, 81 फीसदी मतदाता प्रपत्र डिजिटाइज्ड

कुशीनगर । जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि विधानसभा क्षेत्रों में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) का कार्य तेजी से जारी है। कुल 26,95,030 मतदाताओं में से 21,82,093 ने अपने प्रपत्र जमा किए हैं और 81फीसदी प्रपत्र डिजिटाइज्ड हो चुके हैं। 5,12,596 मतदाता ASD( अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृत्यु) श्रेणी में चिह्नित हैं, जिनकी पुनः जाँच की जा रही है। निर्वाचन आयोग ने समय-सीमा बढ़ाते हुए मतदाता सूची प्रकाशन 31 दिसंबर 2025, दावे-आपत्तियों की अवधि 31 दिसंबर 2025 से 30 जनवरी 2026 और अंतिम मतदाता सूची 28 फरवरी 2026 तक जारी रखने की घोषणा की है। ASD सूची 12 दिसंबर को उपलब्ध कराई जाएगी। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि लक्ष्य है कि निर्वाचक नामावली पूरी तरह त्रुटिरहित तैयार हो। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को दोबारा विस्तृत सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## खड्डा रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की बड़ी कार्रवाई, 47,000 की अवैध शराब बरामद

कुशीनगर। खड्डा रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने 11 दिसंबर 2025 को लावारिस हालत में ?47,000 मूल्य की अवैध शराब की बड़ी खेप बरामद की। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश से बिहार में होने वाली शराब तस्करी को रोकने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देश पर संचालित इस अभियान में आरपीएफ पोस्ट कप्तानगंज के हेड कांस्टेबल रघुनाथ प्रसाद और कांस्टेबल राजाराम यादव ने




महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। दोनों कर्मियों ने खड्डा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 2 के पश्चिमी उत्तरी छोर पर गश्त और चेकिंग के दौरान यह खेप पकड़ी। सुबह लगभग 03:30 बजे की चेकिंग के दौरान टीम को तीन प्लास्टिक की बोरियों में रखी अवैध शराब मिली। बरामद शराब में 310 बोतल 8 पीएम व्हिस्की (180 मि.ली., कीमत ?120 प्रति बोतल) और 28 बोतल रॉयल स्टैग व्हिस्की (375 मि.ली., कीमत ?350 प्रति बोतल) शामिल थीं। कुल 66.300 लीटर की इस अवैध शराब को आरपीएफ ने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई हेतु आबकारी विभाग को सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## सीडीओ वंदिता श्रीवास्तव बनीं स्काउट गाइड की मुख्यायुक्त

कुशीनगर। जिले की नवागत सीडीओ वंदिता श्रीवास्तव को स्काउट गाइड कुशीनगर की जिला मुख्यायुक्त बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि वंदिता श्रीवास्तव ने नए मुख्य विकास अधिकारी के रूप में कार्य भार ग्रहण किया है। प्रदेश मुख्य आयुक्त डॉ प्रभात कुमार ने सीडीओ वंदिता श्रीवास्तव को कुशीनगर के नए मुख्यायुक्त के रूप में नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के पश्चात एसओसी स्काउट गाइड मंडल गोरखपुर मोहित कुमार गुरुवार को अधिकार पत्र लेकर कुशीनगर आए व जिला सचिव शैलेंद्र दत्त शुक्ला, जिला संगठन आयुक्त सतीश कुमार श्रीवास्तव जिला प्रशिक्षण आयुक्त इज़हारुल खान जिला गाइड संगठन का विस्तार निवेदिता श्रीवास्तव लीलावती यादव कब कमिश्नर डॉक्टर सुनीता पांडे स्काउट मास्टर नीरज बंका के साथ सीडीओ को अधिकार पत्र सौंपा।

## जेल से रिहाई की किरण, आर्थिक तंगी में फंसे बंदी की जुर्माना राशि जमा कर दिलाई आज़ादी

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व भारत विकास परिषद की संयुक्त पहल से 01 बंदी को नई जिंदगी का अवसर

देवरिया।

ये खुला आसमान और ये ताज़ी हवा अब लग रहा है जैसे मिली हो ज़िंदगी नई। जिला कारागार के एक बंदी की जुबान से निकले ये शब्द उस पल की गवाही दे रहे थे, जब उसे महीनों बाद आज़ादी की सांस नसीब हुई। गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी के निर्देशन और भारत विकास परिषद, देवरिया के सहयोग से बंदी नूर मोहम्मद उर्फ रेल मोहम्मद पुत्र ईश मोहम्मद को उसकी जुर्माना राशि जमा कर जेल से रिहा कराया गया। नूर मोहम्मद चोरी और बरामदगी से जुड़े मामले (धारा 379, 411 भादंस, थाना खामपार) में सजा पूरी कर चुका था, लेकिन गरीबी के कारण 3500 रुपये का अर्थदंड अदा न कर पाने से जेल की सलाखों के पीछे ही अटक गया था। जेल अधीक्षक की ओर से आर्थिक तंगी की सूचना मिलते ही सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने पराविधिक स्वयंसेवक अमरनाथ शुक्ल को सामाजिक संस्थाओं से समन्वय बनाने का निर्देश दिया।

अमरनाथ शुक्ल ने जल्द पहल करते हुए भारत विकास परिषद, गोरक्ष प्रांत से संपर्क साधा और सहयोग हेतु प्रेरित किया। संस्था तुरंत आगे आई और न्यायालय के आदेशानुसार जुर्माना राशि जमा कराई। स्थानीय समाजसेवी संस्था द्वारा की गई इस सहायता से बंदी की रिहाई संभव हो सकी। परिषद की ओर से यह कदम न सिर्फ सेवा-भाव का उदाहरण है, बल्कि समाज के उन कमजोर तबकों के लिए उम्मीद की किरण है, जो आर्थिक अभाव में न्याय से वंचित रह जाते हैं। रिहाई के समय सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तिवारी ने भारत विकास परिषद, गोरक्ष प्रांत के अध्यक्ष कुमार गौरव गोयल और उनकी टीम की मानवीय संवेदनशीलता की सराहना की। उन्होंने नूर मोहम्मद को समझाया कि प्रेम, करुणा और ज्ञान के साथ चलकर ही जीवन को नई दिशा दी जा सकती है।

समाज को बेहतर बनाना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में पराविधिक स्वयंसेवक अमरनाथ शुक्ल, जिला कारागार प्रशासन और भारत विकास परिषद के पदाधिकारी मौजूद रहे। रिहाई के बाद नूर मोहम्मद भावुक दिखा और कहा कि इस मदद ने उसे दूसरी जिंदगी दी है।

## कुशीनगर की 30 ग्राम पंचायतों में करोड़ों की अनियमितताएँ उजागर, डीएम ने सभी प्रधानों से स्पष्टीकरण तलब

कुशीनगर । जिला लेखा परीक्षा अधिकारी, सहकारी समितियाँ एवं पंचायतें, कुशीनगर द्वारा वर्ष 2023-24 की लेखा परीक्षा में जनपद की 30 ग्राम पंचायतों में व्यापक दुरूपयोग, अपव्यय और वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा किया गया है। अधिभार प्रतिवेदन के आधार पर उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256(1) के अंतर्गत जिलाधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर ने सभी संबंधित ग्राम प्रधानों को दो माह के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समयसीमा में स्पष्टीकरण न देने या स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाए जाने पर संबंधित धनराशि भू-राजस्व की भांति वसूली जाएगी। लेखा परीक्षा में जिन 30 ग्राम पंचायतों में अनियमितताएँ पाई गईं, उनमें लोहरपट्टी, लखुआ, रामपुर गोनहा, बसडीला, सोहरौना, बिहुली निस्फी, सपहा, सुम्हाखोर, भडसर खास, गांगरानी, दलबहादुर छपरा, साखोपार, विशुनपुरा, धनहा, जौरामनराखन, नोनिया पट्टी, कनौरा, परसा उर्फ सिरसिया, पिपराघाट एहतमाली, बभनौली, भुजौली, पुर्नहा बुजुर्ग, नगरी, बभनौली (नेबुआनौरंगिया), सिरसिया बुजुर्ग, बगही, धुरिया कोट, पखिहवा उर्फ कर्जहा, रामपुर उर्फ खुशहाल टोला और उस्मानपुर शामिल हैं। इनमें ?3,950 से लेकर ?30,65,481 तक की सन्निहित अनियमितताएँ पाई गईं। विभिन्न विकास खण्ड–दुदही, खड्डा, रामकोला, कप्तानगंज, पडरौना, फाजिलनगर, तमकुही, सेवरही, विशुनपुरा और नेबुआ नौरंगिया–में कुल कई करोड़ रुपये की अनियमितताओं को अधिभार प्रतिवेदन में दर्शाया गया है। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने स्पष्ट किया कि सरकारी धन के दुरूपयोग पर शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाएगी। सभी ग्राम प्रधानों से प्राप्त स्पष्टीकरण का परीक्षण कर नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

